दिनांकः 19.05.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नॉर्वे में तीसरे भारत–नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।
- राजस्थान और हरियाणा सरकार के बीच सहमति के बाद अब राज्य, रीजनल रेपिड ट्रांज़िट सिस्टम से जुड़ेगा–इससे दिल्ली से अलवर के बीच नमो भारत ट्रेन का संचालन हो सकेगा।
- प्रदेश में पश्चिमी गर्म हवाओं से दिन और रात का पारा बढ़ा–आज 19 जिलों में हीटवेव का येलो अलर्ट।
- राज्य में जनजातीय क्षेत्र के पात्र वंचितों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए 25 मई तक जनजाति गरिमा उत्सव का आयोजन।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नॉर्वे में तीसरे भारत–नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। यह विभिन्न क्षेत्रों में भारत–नॉर्डिक सहयोग की दिशा में एक और कदम होगा। इससे पहले श्री मोदी ने कल ओस्लो में आयोजित भारत–नॉर्वे व्यापार और अनुसंधान शिखर सम्मेलन में भाग लिया। क्राउन प्रिंस हाकॉन और नॉर्वे के प्रधानमंत्री योनास गहर स्टोर भी इस शिखर सम्मेलन में शामिल हुए। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते–टीईपीए के लागू होने के बाद निवेश में हुई बढ़ोतरी की सराहना की।

000

प्रधानमंत्री श्री मोदी को नॉर्वे के महामहिम राजा हेराल्ड पंचम द्वारा रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट का ग्रैंड क्रॉस प्रदान किया गया। श्री मोदी पांच देशों की यात्रा के अंतिम चरण में आज इटली पहुंचेंगे। दो दिन की ये यात्रा इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के निमंत्रण हो रही है।

000

केन्द्र सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण आयात में रुकावट के बावजूद देश के तेल शोधक कारखाने सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। कल नई दिल्ली में आयोजित अंतर–मंत्रालयी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस का पर्याप्त भंडार है।

000

राजस्थान, देश के पहले रीजनल रेपिड ट्रांज़िट सिस्टम–आर.आर.टी.एस. नेटवर्क से जुड़ने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। राजस्थान और हरियाणा सरकार के बीच, सहमति बनने के बाद अब राजस्थान नमो भारत नेटवर्क से जुड़ेगा। इससे दिल्ली से अलवर के बीच, नमो भारत ट्रेन का संचालन संभव हो सकेगा। प्रस्तावित दिल्ली–गुरूग्राम, एसएनबी–अलवर कॉरिडोर, नई दिल्ली के सराय काले खां से शुरू होकर गुरूग्राम होते हुए खैरथल, अलवर, नीमराना, बहरोड़ और सोतानाला तक पहुंचेगा। परियोजना के तहत कुल 196 किलोमीटर लम्बा नेटवर्क विकसित किया जाएगा। जिसमें 22 मुख्य स्टेशन प्रस्तावित हैं। राज्य में ये कॉरिडोर 91 किलोमीटर लम्बा होगा और 6 स्टेशन बनाए जाएंगे। आर.आर.टी.एस. ट्रेनें 160 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलेंगी, जिससे दिल्ली–एनसीआर–राजस्थान के बीच आवागमन तेज होगा।

000

राजधानी एक्सप्रेस में आग लगने की घटना की उच्च स्तरीय जांच शुरू कर दी गई है। पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह की ओर से गठित छह सदस्यीय विशेष समिति कल कोटा पहुंची। उन्होंने घटना स्थल का दौरा कर लूनीरिच्छा स्टेशन पर खड़े प्रभावित कोच का निरीक्षण किया और अग्निकांड से जुड़े तमाम पहलुओं की जानकारी ली।

गौरतलब है कि ट्रेन के एसी कोच में लगी आग की घटना के बाद रेलकर्मियों की तत्परता और आपातकालीन प्रबंधन से सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया था।

000

राजस्थान पुलिस की ओर से प्रदेशभर में दो दिन का मेगा नाकाबंदी अभियान चलाया गया। इसके तहत कुल 810 नाकाबंदी पॉइंट्स लगाकर 47 हजार से ज्यादा वाहनों की जांच की गई। वहीं 274 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक वी.के. सिंह ने बताया कि इस अभियान के दौरान बीकानेर, जोधपुर और जयपुर रेंज के सभी प्रमुख मार्गों पर सघन चेकिंग की गई। ट्रेफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की गई। साथ ही तस्करों और असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार कर मामले दर्ज किये गये।

000

समूचा राज्य भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। पश्चिमी गर्म हवाओं के असर से पारे में उछाल आया है। लू के थपेड़ों के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। झुलसाती धूप को देखते हुए लोग दिन के समय घरों से निकलने में बच रहे हैं और सड़कों पर आवाजाही कम देखी जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार कल दो शहरों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री के पार दर्ज हुआ। वहीं दस स्थानों पर रात का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। 46 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ चित्तौड़गढ़ और पिलानी सबसे गर्म रहे।

वहीं जालौर, बीकानेर, फलौदी, जोधपुर, बाड़मेर और जयपुर सहित कुछ स्थानों पर रात का तापमान 30 डिग्री से ऊपर मापा गया। आज सरहदी जिलों और दक्षिण–पूर्वी भागों में हीटवेव चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने 19 जिलों में हीटवेव का येलो अलर्ट बताया है। इन जिलों में दिन का पारा 42 से 47 डिग्री के बीच रह सकता है। कुछ स्थानों पर अगले चार–पांच दिनों तक धूलभरी हवाएं चलने के आसार हैं।

000

केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय की ओर से चिन्हित ग्राम पंचायतों में जनजाति गरिमा उत्सव मनाया जा रहा है। इसके तहत 25 मई तक जन भागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले अभियान चलाया जा रहा है। इसमें संतृप्ति कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं। जयपुर जिला कलेक्टर संदेश नायक ने कल इस संबंध में 17 विभागों की बैठक ली। इस दौरान जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने शिविरों में होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी।

उधर, जनजाति जिले डूंगरपुर में जिला कलेक्टर देशल दान ने अभियान का शुभारंभ किया। हमारे संवाददाता ने बताया कि इसके तहत जनजातीय क्षेत्र के पात्र वंचितों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा।

000

राज्य सरकार ने विभिन्न खेलों के पदक विजेता युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए आउट ऑफ टर्न नियुक्ति नीति को मजबूती से लागू किया है। इसके तहत अब तक 186 खिलाड़ियों को राज्य की सरकारी सेवाओं में नियुक्ति दी गई है। इनमें क्रिकेट, शूटिंग, घुड़ सवारी और कबड्डी सहित कई खेल शामिल हैं। सरकार ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले 1 हजार 786 खिलाड़ियों को लगभग 40 करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान स्वीकृत किया है।

000